ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 35

जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट से गिराए:सरकार बोली- आर्मी मूवमेंट की कवरेज न करें; पाकिस्तानी PM बोले- निष्पक्ष जांच को तैयार





पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन LoC पर गोली बारी की। भारतीय फौज ने इसका जवाब दिया। नुकसान की खबर नहीं हैं।

भारत सरकार ने सभी मीडिया हाउस के लिए एडवाइजरी जारी की है कि डिफेंस ऑपरेशन और फोर्स के मूवमेंट की कवरेज न करें।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर में अब तक 6 आतंकवादियों के घर गिराए जा चुके हैं। सेना ने त्राल, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां में सर्च ऑपरेशन के दौरान यह एक्शन लिया।

द कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले के 3 दिन बाद अटैक की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। हमले के बाद सबसे पहले TRF ने ही इसकी जिम्मेदारी ली थी।

गुजरात में शनिवार सुबह 1000 से ज्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद में घुसपैठियों पर कार्रवाई की। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्रियों से अपील की थी कि घुसपैठियों की जल्द से जल्द पहचान करें और उन्हें वापस उनके देश भेजें।

कलकत्ता हाईकोर्ट बोला-नाबालिग के ब्रेस्ट छूना रेप की कोशिश नहीं



कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि नशे में नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट छूने की कोशिश करना, प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस (POCSO) एक्ट के तहत रेप की कोशिश नहीं है। इसे गंभीर यौन उत्पीड़न की कोशिश माना जा सकता है। हम आरोपी को जमानत दे रहे हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट का यह फैसला तब आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के ऐसे ही कमेंट को असंवेदनशील बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी।

19 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने कहा था- नाबालिग के ब्रेस्ट पकड़ना, पायजामे का नाड़ा तोड़ना या घसीटकर पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश रेप नहीं है।

26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, ' यह बहुत गंभीर मामला है। हमें यह कहते हुए बहुत दुख है कि फैसला लिखने वाले जज में संवेदनशीलता की पूरी तरह कमी थी। इस पर रोक लगाते हैं।'

उद्धव की शिवसेना ने MNS से गठबंधन के संकेत दिए:सोशल मीडिया पर लिखा- एकजुट होने का समय आया



उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) ने शनिवार को राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) से गठबंधन के संकेत दिए है। पार्टी ने X पर लिखा- मुंबई और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। पार्टी कार्यकर्ता मराठी गौरव की रक्षा के लिए तैयार हैं।

इससे पहले 19 अप्रैल को राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई उद्धव से गठबंधन पर कहा था कि, 'उद्धव से राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है।'

राज ठाकरे ने अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर के यू-ट्यूब चैनल पर यह बात कही थी। इस पर उद्धव ठाकरे ने कहा था कि वह छोटी-मोटी लड़ाइयां छोड़कर आगे बढ़ने को तैयार हैं। बशर्ते महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को बर्दाश्त न किया जाए।

शिवसेना और मनसे के बीच गठबंधन को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, 'साथ आना या गठबंधन बनाना उनका विशेषाधिकार है।' दूसरी ओर भाजपा नेता नितेश राणे ने शिवसेना UBT के प्रमुख उद्धव से सवाल किया कि क्या गठबंधन के लिए उन्होंने पत्नी रश्मि ठाकरे से परमिशन ली है।

नितेश राणे ने एक पॉडकास्ट में कहा कि ऐसे मामलों में पत्नी की राय ज्यादा मायने रखती है। राणे ने कहा कि राज ठाकरे को शिवसेना से बाहर निकालने के पीछे उद्धव की पत्नी रश्मि ठाकरे का ही हाथ था। उस समय दोनों चचेरे भाइयों के बीच कोई मतभेद नहीं था।

15वां रोजगार मेला, 51 हजार युवाओं को जॉब लेटर बांटे:वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए PM, कहा- युवाओं के लिए अवसरों का समय



15वां रोजगार मेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51,000 से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा- यह युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रही है कि देश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते रहें। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 47 स्थानों पर किया गया।

PM मोदी का संबोधन 3 पॉइंट में-

भारत अर्थव्यवस्था में आगे- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि, 'भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।' उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल और फुटवियर इंडस्ट्री में प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए हैं।

महिलाएं हर क्षेत्र में आगे- प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इस साल की यूपीएससी परीक्षा में शीर्ष पांच में से तीन टॉपर महिलाएं हैं। 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं काम कर रही हैं।

WAVES युवाओं के लिए वैश्विक मंच- प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि मुंबई में आयोजित होने वाला विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES) भी युवाओं के लिए वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक बड़ा अवसर होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इमर्सिव मीडिया को भी समझने का मौका मिलेगा और यह कार्यक्रम डिजिटल सामग्री के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

14वें रोजगार मेले में बांटे गए थे 71 हजार जॉब लेटर

2024 लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह तीसरा रोजगार मेला है। इससे पहले 23 दिसंबर 2024 को हुए 14वें रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर बांटे गए थे। 14 मेलों में 9.22 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। पिछले मेले के दौरान पीएम मोदी ने नव नियुक्त युवाओं से कहा था कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार में करीब 10 लाख पक्की नौकरियां दी गईं। पहले की सरकारों ने ऐसा नहीं किया।

हरियाणा में पिकअप ने 11 लोगों को कुचला, 7 मरे:दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बिखरी लाशें, 2 टुकड़े हुए; 4 महिलाएं एक परिवार की



हरियाणा के नूंह में शनिवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार पिकअप ने 11 लोगों को कुचल दिया, जिसमें 6 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में 4 महिलाएं गंभीर घायल हैं।

हादसा इतना भयानक था कि कई शवों के 2 टुकड़े हो गए। ये सभी एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम करने आए थे। मरने वालों में 4 महिलाएं एक ही परिवार की थीं।

हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। सूचना के बाद फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में रखवाया।

एक्सप्रेसवे पर सफाई करते वक्त कुचला

जानकारी के मुताबिक इब्राहिमबास गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम चल रहा है। ठेकेदार ने कई गांवों के लोगों को इस काम में लगाया हुआ है। शनिवार सुबह 11 लोग सफाई करने के लिए पिकअप गाड़ी से उतर रहे थे। इसी दौरान गुरुग्राम की तरफ से आई तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया।

6 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ा

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, एक पुरुष और 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां पुरुष ने भी दम तोड़ दिया। घायल महिलाओं में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें नल्हड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

लाशें बिखरी, कई शवों के टुकड़े हुए

हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर लाशें बिखरी दिखीं। कई शवों के टुकड़े हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

गाड़ी का ड्राइवर फरार, पुलिस जांच में जुटी

वहीं, हादसे के बाद टक्कर मारने वाली पिकअप का ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल, अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस ने बताया कि CCTV फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से हादसे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जाएगा।

कर्मचारियों की टेंशन दूर ! EPFO ने किया बड़ा बदलाव, अब नौकरी बदलने पर खुद से हो जाएगा यह काम



24 न्यूज अपडेट

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाते को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया को आसान बना दिया है. नए नियम के तहत पीएफ अकाउंट ट्रांसफर से जुड़े अधिकांश मामलों में नियोक्ता (कंपनी) से मंजूरी लेने की जरूरत को खत्म कर दिया गया है.

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने 25 अप्रैल 2025 को एक आधिकारिक बयान में कहा कि अब तक पीएफ खातों का ट्रांसफर दो ईपीएफ कार्यालयों की भागीदारी से होता था- स्रोत कार्यालय, जहां से पीएफ राशि ट्रांसफर की जाती थी, और गंतव्य कार्यालय, जहां ट्रांसफर राशि जमा की जाती है. बयान में कहा गया कि इस प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से, ईपीएफओ ने संशोधित फॉर्म 13 सॉफ्टवेयर कार्यक्षमता शुरू करके गंतव्य कार्यालय में सभी ट्रांसफर दावों की मंजूरी की आवश्यकता को हटा दिया है. जब टांसफर दावा हस्तांतरणकर्ता (स्रोत) कार्यालय में स्वीकृत हो जाता है, तो पिछला खाता खुद से ट्रांसफरी (गंतव्य) कार्यालय में सदस्य के वर्तमान खाते में ट्रांसफर हो जाएगा, जिससे ईपीएफओ के सदस्यों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाने का उद्देश्य पूरा होगा.

यूएएन बनाने के लिए आधार की जरूरत में ढील

इसके अलावा, ईपीएफओ ने सदस्यों के लिए यूएएन बनाने या पिछले खातों को जमा करने के लिए आधार की जरूरत में ढील देने का निर्णय लिया है. अब नियोक्ता कर्मचारी की आईडी और अन्य जानकारी के आधार पर कई कर्मचारियों का यूएएन एक साथ बना सकेंगे ताकि ऐसे सदस्यों के खातों में धनराशि को शीघ्रता से जमा किया जा सके.

रिलायंस को चौथी तिमाही में 19,407 करोड़ का मुनाफा:सालाना कमाई 10% बढ़कर 2.69 लाख करोड़, 5.50 प्रति शेयर डिविडेंड देगी कंपनी



24 न्यूज अपडेट


मार्केट वैल्यू के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 2,69,478 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 9.88% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 2,45,249 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

कुल कमाई में से कर्मचारियों की सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के ओनर्स के पास 19,407 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। यह 2024 के जनवरी-मार्च तिमाही से 2.40% ज्यादा है। पिछले साल कंपनी को 18,951 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

रेवेन्यू 10% बढ़कर 2.65 लाख करोड़ रहा

चौथी तिमाही में रिलायंस ने प्रोडक्ट और सर्विस बेचकर 2,64,573 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू जनरेट किया। सालाना आधार पर यह 9.91% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 2,40,715 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी:सोना 721 रुपए महंगा होकर 95,631 रुपए पर पहुंचा, चांदी 97,684 रुपए किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 19 अप्रैल को सोना 94,910 रुपए पर था, जो अब (26 अप्रैल) को 95,631 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 721 रुपए बढ़ी है। वहीं इस हफ्ते 22 अप्रैल को सोने ने 99,100 रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 95,151 रुपए पर थी, जो अब 97,684 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 2,533 रुपए बढ़ी है। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

संपादकीय : सराहनीय एकजुटता

यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है कि जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला उठता है, तो सभी राजनीतिक दल अपने नफे-नुकसान से ऊपर उठ कर एकजुटता दिखाते और सार्थक समाधान के उपाय तलाशते हैं। पहलगाम आतंकी हमले पर राजनीतिक दलों की एकजुटता और सरकार को खुले मन से समर्थन इस अर्थ में सराहनीय है। इस मामले में सरकार ने भी लचीला रुख दिखाया और स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यवस्था में उसकी तरफ से चूक हुई है। दरअसल, विपक्षी दल इसी मुद्दे पर लगातार सवाल पूछ रहे थे। सरकार ने उसे टालने का प्रयास नहीं किया और अपनी कमजोरी को स्वीकार किया। इससे आगे की रणनीति पर काम करने में आसानी होगी। सबसे बड़े विपक्षी दल के अध्यक्ष ने कहा कि इस मसले पर सरकार जो भी फैसला करेगी और कदम उठाएगी, उसमें उनकी पार्टी उसके साथ खड़ी रहेगी । अन्य सभी विपक्षी दलों ने भी सरकार को यही भरोसा दिलाख निस्संदेह इससे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक सशक्त संदेश गया और इस आतंकी हमले को लेकर सियासत करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया है। अच्छी बात है कि सरकार ने इस मसले पर देश के सभी राजनीतिक दलों को अपने साथ जोड़ लिया। हालांकि ऐसे नाजुक मामलों में सूचनाएं और संसाधन सरकार के पास ही होते हैं और आगे के कदम उसे ही उठाने होते हैं, पर वह विपक्षी दलों को नजरअंदाज नहीं कर सकती । जिन मामलों में पूरे देश के प्रतिनिधित्व की जरूरत होती है. उनमें उन्हें साथ लेना ही चाहिए। वहीं परंपरा भी रही है। अगर ऐसा न होता, तो बेवजह सियासी रस्साकशी शुरू होती, जो कि किसी भी रूप में अच्छा नहीं कहा जा सकता। विपक्षी दलों ने अपनी लोकतांत्रिक मर्यादा निभाई है, अब सरकार पर है कि वह किस तरह उनकी भावनाओं का मान रखती है। यों, ऐसे मौकों पर सरकार के ऊपर कई अतिवादी किस्म दबाव भी बनते हैं, जो कि बन भी रहे हैं। पर क्या देश के हित में है, उसका फैसला अंतिम रूप से सरकार को ही करना पड़ता है। विपक्षी दलों की तरफ से एक सुझाव आया कि सरकार को सीमा पार आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की कोशिश करनी चाहिए। सभी ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसने के लिए सरकार के फौरी फैसलों की सराहना की है। पर देश के बहुत सारे लोगों की भावना पाकिस्तान के खिलाफ सख्त और निर्णायक कदम उठाने की है। भारत के फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने जो कदम उठाए हैं, उससे जाहिर है कि वह रार लेना चाहता है। भारत के सामने पाकिस्तान की हैसियत बहुत मामूली है। वह इस वक्त बहुत बुरे दौर से गुजर रहा है। जबकि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और दुनिया के देश इसकी तरफ सम्मान की नजर से देखते हैं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में अलग-थलग पड़ा हुआ है। वहां की हुकूमत खुद अपनी अहमियत के लिए जूझ रही है। ऐसे में भारत को उसे सबक सिखाने के लिए बहुत ठंडे दिमाग से फैसला करना होगा। पुलवामा की घटना के बाद जिस तरह उस पर निरंतर दबाव बनाए रखने की जरूरत थी, उस पर फिर से विचार किया जा सकता है। आतंकवाद से निपटने के मसले पर भारत को दुनिया के अनेक देशों का समर्थन हासिल है, इसलिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को खत्म करने को लेकर रणनीति बनाना महत्त्वपूर्ण हो सकता है सर्वदलीय बैठक में सुझाए गए बिंदुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

बदलाव की बयार

जम्मू-कश्मीर पिछले कई दशक से आतंकवाद से त्रस्त है। इसका असर स्थानीय आबादी के एक हिस्से पर भी पड़ा है ऐसे आरोप भी सामने आए कि वहां आतंकवादी हमलों के खिलाफ अपेक्षित प्रतिरोध मुखर नहीं दिखता। मगर पहलगाम में आतंकवादियों ने बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए जिस तरह छब्बीस पर्यटकों को मार डाला, उसके बाद कश्मीरी जनता का गुस्सा उभरा है। खासकर अनंतनाग और उसके आसपास के इलाकों को आतंक का गढ़ माना जाता है, वहां रहने वालों के भीतर इस घटना के खिलाफ जैसा आक्रोश पैदा हुआ, वह किसी भी जिम्मेदार और संवेदनशील समाज में एक जरूरी प्रतिक्रिया होती है। दरअसल, इस इलाके को एक समय प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के कथित कमांडर बुरहान वानी और रियाज नायकू के गढ़ के रूप में जाना जाता था। मगर अब इस इलाके के निवासियों ने पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद अब सार्वजनिक रूप से आतंकवाद बंद करो' और 'निर्दोष लोगों की हत्या बंद करो' के नारे के साथ विरोध जताना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, समूची कश्मीर घाटी में इस मसले पर स्थानीय आबादी के बीच स्वतः स्फूर्त विरोध उभरा और व्यापक पैमाने पर लोगों ने इस घटना की निंदा की, प्रदर्शन किया। करीब साढ़े तीन दशक के दौरान आतंकवाद के खिलाफ वहां के लोगों में शायद ही कभी इतने बड़े पैमाने पर गुस्सा उभरा था। जाहिर है, इसकी अनेक वजहें हैं, जिसमें पहलगाम में हुई बर्बरता का स्वरूप एक तात्कालिक कारण है। सच यह है कि कश्मीर में इस बड़े बदलाव के पीछे आतंकवादी संगठनों के हमलों की वह निरंतरता है, जिसकी मार कश्मीर के लोगों को झेलनी पड़ी है। दरअसल, समूचा कश्मीर पर्यटन से जीवन पाता है और यह वहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। आतंकवाद की आग ने वहां के पर्यटन उद्योग पर कैसा असर डाला है, यह किसी से छिपा नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में धीरे-धीरे सहजता आने की वजह से कश्मीर में पर्यटन फिर से जोर पकड़ रहा था और वहां के स्थानीय लोगों को शांति, लोकतंत्र और स्थिरता की अहमियत समझ में आ रही है। कश्मीरी अवाम की इस भावना को उम्मीद की एक किरण के तौर पर देखा जा सकता है।

दायित्वों में लापरवाही पर चित्तौड़गढ़ परिषद आयुक्त रामकिशोर मेहता एपीओ, जनता से दुव्यर्वहार और धमकी के भी आरोप



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। नगर परिषद चित्तौड़गढ़ के आयुक्त रामकिशोर मेहता को दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही के आरोप में स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर ने एपीओ (अपेक्षित पदस्थापन आदेश) कर दिया है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट सचिव इंद्रजीत सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मेहता को तत्क्षण कार्यमुक्त कर जयपुर निदेशालय में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर आलोक रंजन द्वारा मुख्यालय को भेजी गई शिकायत रिपोर्ट के आधार पर की गई, जिसमें आयुक्त की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, मेहता द्वारा सौंपे गए कार्यों के क्रियान्वयन में लापरवाही, जिला स्तरीय बैठकों में अनुपस्थिति और राजकीय अवकाशों में मुख्यालय से गैरहाजिरी जैसे सेवा शर्तों के स्पष्ट उल्लंघन सामने आए।

सरकारी आयोजनों में अव्यवस्था, निविदाओं में अनियमितता के भी आरोप

कलेक्टर की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि विभिन्न सरकारी आयोजनों, पर्वों और कार्यक्रमों में मूलभूत व्यवस्थाओं - जैसे लाइटिंग, टेंट, माइक, पानी और सफाई - में लगातार लापरवाही देखी गई। व्यवस्थाओं के समय पर न होने से आयोजनों में अव्यवस्था उत्पन्न हुई। साथ ही, निविदाओं में अव्यावहारिक शर्तें जोड़ने के आरोप भी लगे, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा पर प्रश्नचिन्ह खड़े हुए।

जिला कलेक्टर ने इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिस पर स्वायत्त शासन विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए निर्णय लिया।


जनता से दुर्व्यवहार के आरोपों ने बढ़ाई मुश्किलें

सूत्रों के अनुसार, आयुक्त के खिलाफ आमजन की ओर से भी लंबे समय से शिकायतें लंबित थीं। नागरिकों का आरोप था कि समस्याओं के समाधान हेतु मिलने जाने पर उन्हें दुर्व्यवहार और धमकियों का सामना करना पड़ता था। कई बार आयुक्त द्वारा फरियादियों को "राजकार्य में बाधा डालने" के नाम पर मुकदमे की चेतावनी भी दी जाती थी, जिससे नगर परिषद कार्यालय में जनता का आवागमन कम हो गया था।

परिषद कार्यालय में चर्चाओं का दौर

रामकिशोर मेहता के एपीओ होने के बाद नगर परिषद में चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ कर्मचारियों ने इसे न्यायोचित कदम बताया है, जबकि कुछ इसे उच्चस्तरीय हस्तक्षेप के रूप में देख रहे हैं। फिलहाल उनकी जगह किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई है। संभावित है कि स्वायत्त शासन विभाग जल्द ही कार्यशैली में व्यापक सुधार के निर्देश भी जारी करे।

डूंगरपुरः नाबालिग रेप पीड़िता के नवजात की इलाज के दौरान मौत, आरोपी पर केस दर्ज



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर। चौरासी थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आठ महीने पहले दुष्कर्म का शिकार हुई 17 वर्षीय नाबालिग ने 15 अप्रैल को एक नवजात को जन्म दिया, लेकिन गंभीर हालत में जन्मे बच्चे ने डूंगरपुर अस्पताल में 12 दिन के इलाज के बाद दम तोड़ दिया। अब पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौरासी थाने के एएसआई छतरसिंह ने बताया कि पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि उसने 7वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। घटना के अनुसार, लगभग आठ महीने पहले एक युवक घर में अकेली पाकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। डर और सामाजिक भय के कारण पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई। गत 14 अप्रैल को पेट में तेज दर्द होने पर परिजनों ने उसे सीमलवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई, जिससे परिवार स्तब्ध रह गया। अगले दिन, 15 अप्रैल को नाबालिग ने एक नवजात को जन्म दिया। नवजात की स्थिति गंभीर होने पर उसे तुरंत डूंगरपुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां एनआईसीयू में 12 दिन तक इलाज चला। तमाम कोशिशों के बावजूद नवजात को नहीं बचाया जा सका और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और नवजात के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस घटना के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

बांसवाड़ा में श्रीजी कॉलोनी में लेपर्ड की हलचलः कुत्तों से घबराकर झाड़ियों में छिपा, वन विभाग ने बाहर निकलने पर लगाई रोक



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। शहर के रिहायशी इलाके श्रीजी कॉलोनी में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक लेपर्ड (तेन्दुआ) अचानक कॉलोनी में घुस आया। आवारा कुत्तों के भौंकने और पीछा करने पर लेपर्ड घबरा गया और भागकर पास के नाले की झाड़ियों में जा छिपा। वन विभाग को सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और करीब 5 घंटे से उसकी तलाश जारी है। लोगों को एहतियातन घरों से बाहर न निकलने की चेतावनी दी गई है। घटना सुबह 8:45 बजे की है। जानकारी के अनुसार, लेपर्ड करीब 500 मीटर दूर स्थित श्यामपुरा वन क्षेत्र से भटक कर कॉलोनी में आ पहुंचा था। प्रारंभ में कुत्तों के भौंकने की आवाज को लोग सामान्य घटना मानते रहे, लेकिन निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहे मजदूरों ने लेपर्ड को देख कॉलोनीवासियों को सतर्क किया। कॉलोनी निवासी शरद त्रिवेदी के मकान में लगे CCTV कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि जैसे ही लेपर्ड गली में घुसा, चार कुत्ते उसके पीछे दौड़े। इसी दौरान एक युवक और एक स्कूटी सवार भी उस रास्ते से निकले, जो कुछ सेकंड पहले वहां से गुजर गए थे। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत फैल गई। वन विभाग के रेंजर संतोष डामोर ने बताया कि लेपर्ड संभवतः शिकार की तलाश में भटककर रिहायशी क्षेत्र में आ गया। सर्च ऑपरेशन के तहत 4 किलोमीटर तक इलाके की गहन तलाशी ली गई, लेकिन भीषण गर्मी के कारण दोपहर में तलाशी कार्य अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। कर्मचारी इलाके में निगरानी रखे हुए हैं और शाम को फिर से खोज अभियान शुरू किया जाएगा। जल्द ही लेपर्ड को ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि जब तक लेपर्ड को पकड़ा नहीं जाता, तब तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। श्यामपुरा वन क्षेत्र माही कॉलोनी के निकट पहले भी लेपर्ड मूवमेंट के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन श्रीजी कॉलोनी में यह पहला मामला है जिसने प्रशासन और निवासियों को सतर्क कर दिया है।

डूंगरपुर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाईः500 लीटर महुआ वाश नष्ट, 5 लीटर शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर की रामसागड़ा थाना पुलिस ने गामड़ी अहाड़ा माली फला में दबिश देकर अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई की है।पुलिस ने मौके पर 500 लीटर महुआ वाश को नष्ट किया। वहीं, 5 लीटर महुआ शराब के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

डूंगरपुर जिले के रामसागड़ा थानाधिकारी गोपालनाथ ने बताया कि गामड़ी अहाड़ा माली फला निवासी रमेश भगोरा द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब के निर्माण करने और बेचने की शिकायतें मिल रहीं थी। जिस पर पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी तो उसके बेटे हरीश भगोरा के घर के पास अवैध रूप से महुआ शराब बनाने के लिए महुआ वाश का भंडारण किया हुआ था। जिस पर पुलिस ने मौके पर 500 लीटर महुआ वाश को नष्ट किया। मौके से 5 लीटर महुआ शराब को भी जब्त किया।

पुलिस ने आबकारी अधिनियम में आरोपी पिता रमेश भगोरा और उसके बेटे हरीश भगोरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी रमेश भगोरा के खिलाफ पूर्व में भी 6 मामले आबकारी अधिनियम में दर्ज है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने संगठित अपराध गिरोह के हथियार सप्लायरों को दबोचा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन तथा वृत्ताधिकारी गिर्वा श्री सूर्यवीर सिंह राठौड़ के निर्देशन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी श्री दिलीप सिंह झाला मय टीम ने संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए छह कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से देशी कट्टा और पिस्टल बरामद की गई है। गिरोह के खिलाफ दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

घटना का पूरा विवरण:दिनांक 21 अप्रैल 2025 को थाना गोवर्धन विलास पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक युवक जोगी तालाब की पाल के पास अवैध देशी कट्टा बेचने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी श्री दिलीप सिंह झाला मय टीम मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मी ने सादी वर्दी में युवक से संपर्क कर कट्टा खरीदने की बात की। सौदा तय होते ही पुलिस टीम ने इशारा मिलने पर युवक को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित निमावत उर्फ आरडीएक्स पुत्र दुर्गेश निमावत (उम्र 23 वर्ष, निवासी होली घाटी फलासिया, थाना फलासिया, उदयपुर) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि रोहित निमावत संगठित अपराध गिरोह का सदस्य है और अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट, अपहरण तथा हथियारों के बल पर अपराध करता है। इस पर थाना गोवर्धन विलास में प्रकरण संख्या 151/25 धारा 3/25, 5/25, 25(6) आर्म्स एक्ट तथा धारा 111(2)(11), 111(3), 111(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आगे की पूछताछ में रोहित निमावत ने खुलासा किया कि उसे अवैध हथियार हनी निमावत उर्फ डोमेश (निवासी खटीकवाड़ा, थाना हाथीपोल) और अंश गहलोत (निवासी नाईवाड़ा, थाना धानमंडी) ने उपलब्ध करवाए थे। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी गिरोह से जुड़े अक्षय खुबचंदानी (निवासी प्रतापनगर) को भी हथियार सप्लाई के आरोप में पकड़ा गया। गिरोह का पुराना विवाद विरेन्द्र निमावत (निवासी खटीकवाड़ा) से चल रहा है। पूर्व में आरोपियों ने विरेन्द्र निमावत पर तलवार व लठ्ठ से हमला भी किया था।

लघु उद्योग भारती महिला इकाई ने मनाया 31वां स्थापना दिवस



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 26 अप्रैल। लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा संगठन के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़ी वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक श्रीमती रजनी डांगी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रीना राठौड़, श्रीमती पिंकी मंडावत, श्रीमती करुणा, श्रीमती संगीता, श्रीमती रानू सिंघवी, श्रीमती अनुराधा, श्रीमती साधना तलेसरा, एवं श्रीमती श्यामला वरडिया सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान लघु उद्योग भारती महिला इकाई में 10 नए सदस्यों को जोड़ते हुए उनका हार्दिक स्वागत किया गया। महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती सीमा पारीक ने सभी नए एवं वर्तमान सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की भावी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में सचिव श्रीमती रेखा रानी जैन, कार्यकारिणी सदस्यों एवं अन्य सदस्यों की भी सक्रिय उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान आने वाले नए प्रोजेक्ट्स पर भी विस्तृत चर्चा की गई एवं उन्हें कैसे क्रियान्वित किया जाए, इस पर विचार-विमर्श हुआ। इसके अतिरिक्त, महिला इकाई ने अपनी स्थापना से अब तक की उपलब्धियों को भी साझा किया, जिसमें महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई 'स्वयंसिद्धा' हस्तशिल्प प्रदर्शनी, सूक्ष्म उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए प्रयास, और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इन पहलों के माध्यम से, संगठन ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के अंत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीद हिन्दुस्तानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भटनागर ने केंद्रीय वन मंत्री को भोपाल में भेंट की अपनी पुस्तक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 26 अप्रैल/प्रदेश के वन्य जीव विशेषज्ञ, सेवानिवृत्त सीसीएफ और एनटीसीए के मेंबर राहुल भटनागर ने अपनी भोपाल यात्रा के तहत शनिवार को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव को अपनी हाल ही में प्रकाशित 'अरण्यम' पुस्तक भेंट की । भटनागर ने केंद्रीय मंत्री श्री यादव को पुस्तक भेंट करते हुए इसकी विषय वस्तु के बारे में जानकारी दी और बताया कि अरणयम पुस्तक में वन विभाग के साथ उनके कार्यकाल में वनों व वन्यजीवों के संरक्षण-संवर्धन के क्रियाकलापों, अर्जित की गई उपलब्धियों और विशिष्ट गतिविधियों को मय फोटोग्राफ्स इस पुस्तक में दर्शाया गया है ताकि वर्तमान व भावी अधिकारी उनके अनुभव का लाभ ले सके। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने भटनागर की पुस्तक की विषय वस्तु को जानकर सराहना की और कहा कि सेवानिवृत अधिकारियों के अनुभवों का लाभ विभाग को लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में वन और वन्यजीवों की संरक्षण के साथ विभिन्न टाइगर प्रोजेक्ट्स के बारे में भी महत्वपूर्ण चर्चा की।

RGHS सर्वर में तीन दिन से गड़बड़ी:SMS हॉस्पिटल में मरीजों को परेशानी; दवाईयां, ओपीडी में दिखाने की प्रक्रिया प्रभावित



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान गर्वमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) के पोर्टल में पिछले तीन दिन में तकनीकी खराबी आ रही है। इस कारण इससे रजिस्टर्ड लोगों को हॉस्पिटल में दिखाने, दवाइयां लेने में परेशानी हो रही है। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के अधिकारियों की माने तो पोर्टल नहीं चलने के कारण मरीजों को भर्ती करने, डिस्चार्ज करने समेत अन्य कार्य में परेशानी हो रही है।

एसएमएस हॉस्पिटल में RGHS के मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. राजेन्द्र कराड़िया ने बताया- सर्वर में तीन दिन से लगातार तकनीकी समस्या आ रही है। इसके कारण मरीजों को भर्ती और डिस्चार्ज करने में सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। मरीजों को दोनों ही प्रक्रिया में लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है।

एसएमएस में एमआरआई समेत अन्य महंगी जांचों के लिए भी मरीजों को खासा परेशान होना पड़ रहा है। आरजीएचएस में टीआईडी जनरेट नहीं होने के कारण एमआरआई, सिटी स्कैन, ब्लड की जांच समेत अन्य जांचे करवाने में परेशानी हो रही है।

दवाईयां लेने ओर निजी हॉस्पिटल में दिखाने में भी समस्या

आरजीएचएस योजना से जुड़े लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी बाहर से दवाईयां लेने और प्राइवेट हॉस्पिटल की ओपीडी दिखाने में भी परेशानी आ रही है। निजी हॉस्पिटलों में ओपीडी में डॉक्टरों को कई लोग आरजीएचएस के जरिए दिखाते हैं। वहीं इस पूरे मामले में आरजीएचएस की नोडल ऑफिसर शिप्रा विक्रम इस मामले पर कुछ नहीं बोल रही और न ही विभाग की ओर से इस मरीजों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई।

आग की चिंगारी से जला झोपड़ा, 9 माह के मासूम की जिंदा जलने से मौत



24 न्यूज अपडेट

जिले के पिण्डवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित झांकर गांव में एक खेत पर बने झोपड़े में अचानक से आग लगने से 9 माह के बच्चे की झुलसने से मौत हो गई. पिण्डवाड़ा थानाधिकारी भवानीसिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के झांकर में मुकावास स्थित एक खेत पर रहने के लिए झोपड़ी बनाई हुई थी. शनिवार दोपहर में अचानक झोपड़े में आग लग गई. जिस समय आग लगी, उस समय झोपड़े में दो बच्चे थे, जिसमें एक 9 माह का मासूम भी था. मां खेत पर कपड़े धो रही थी. आग लगने की जानकारी जब मां को लगी, तो वह भागकर गई और एक बच्चे को बाहर निकाल दिया. लेकिन 9 माह का मासूम आग की लपटों में घिर गया. आग लगने की सूचना मिलने पर पिण्डवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की सूचना दमकल को दी. दमकल आने पर आग पर काबू पाया गया, तब तक आग से झोपड़ी जलकर खाक हो चुकी थी. हादसे में झोपड़े में मौजूद 9 माह के मासूम चिंगा पुत्र मोतीलाल निवासी मुकावास झांकर की मौत हो गई. पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है. वहीं प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण चूल्हे से उठी चिंगारी बताई जा रही है. घरेलू सामान जलाः जब झोपड़े में आग लगी, तब मृतक का पिता मोतीलाल मजदूरी के लिए गया हुआ था. वहीं मां खेत में कपड़े धो रही थी. देखते ही देखते झोपड़े में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था. आग लगने से घर में रखा सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया.

बिना योग्यता भर दिए डिप्टी कमांडेंट भर्ती के फॉर्म:RPSC ने कैंडिडेट्स को दिया विड्रो का मौका; जानिए- जरूरी योग्यता



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से निकाली गई डिप्टी कमांडेंट की भर्ती में बिना योग्यता आवेदन करने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा आयोग की जांच में हुआ है। ऐसे में वांछित योग्यता न होने पर भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन विड्रॉ करने का अवसर दिया गया है।


आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 18 मार्च 2025 को भर्ती का विज्ञापन जारी कर 24 मार्च से दिनांक 22 अप्रेल 2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए थे। चार पदों के लिए निकाली गई वैकेंसी में उल्लेखित अनिवार्य योग्यताओं के अनुसार आवेदन करने के लिए केवल सेना के कैप्टन स्तर के सेवानिवृत्त/त्यागपत्र देने वाले भूतपूर्व अधिकारी अथवा इमरजेंसी व शॉर्ट सर्विस कमीशन से मुक्त/विमुक्त ही पात्र हैं।

भर्ती के लिए इस प्रकार की विशिष्ट योग्यता होने के उपरांत भी अनेक अयोग्य अभ्यर्थियों ने इस पद के लिए आवेदन किया है। ज्यादा संख्या में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने पर प्राप्त आवेदनों की आयोग द्वारा जांच की गई। आयोग द्वारा योग्यता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि वे अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र 9 मई 2025 तक विड्रॉ कर लेवें अन्यथा उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 217 को अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी।

योग्य अभ्यर्थियों को भी अपलोड करना होगा सेवानिवृत्ति प्रमाण-पत्र

इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले विज्ञापन के अनुसार वांछित अनिवार्य योग्यताधारी अभ्यर्थियों को भी अपना सेवानिवृत्ति प्रमाण-पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ 9 मई 2025 तक अपलोड करना होगा। सेवानिवृत्ति प्रमाण-पत्र अपलोड करने के लिए ऑनलाईन संशोधन एवं ऑनलाइन आवेदन विड्रॉ करने का लिंक 9 मई तक सक्रिय रहेगा।

शादी का झांसा देकर युवती से रेप करने वाला गिरफ्तार:नागपुर से पकड़ा गया आरोपी, शादीशुदा होने पर भी खुद को अविवाहित बताता था



24 न्यूज अपडेट

शादी का झांसा देकर युवती से देह शोषण करने वाले आरोपी को सिविल लाइन थाना पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले से शादीशुदा था। इसके बावजूद खुद को अविवाहित बताकर दो-तीन साल तक रेप किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया- युवती ने पुलिस में शिकायत दी कि आरोपी ने उससे पहचान छिपाकर शादी का झांसा दिया। झांसे में लेकर करीब 2 से 3 साल तक देह शोषण किया। पुलिस ने जांच कर आरोपित मुन्ना वागमारे को नागपुर से गिरफ्तार किया। आरोपित को पीसी रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

झुंझुनूं में गुढ़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर सहित 12 गिरफ्तार : झुंझुनू जेल के बाहर जमावड़ा कर फैला रहे थे दहशत



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 अप्रैल। झुंझुनूं जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने जिला कारागृह के बाहर जमावड़ा कर आम जन में दहशत फैला रहे गुढ़ा थाने के हिस्ट्रीशीटर विकास उर्फ फौजी सहित 12 जनों को गिरफ्तार किया है। जेल में बंद इनके दो साथियों की शुक्रवार को जमानत हुई थी, सभी आरोपी स्कॉर्पियो, कैंपर गाड़ी आदि गाड़ियां लेकर उन्हें लेने गये थे। पुलिस ने मौके से ग्रुप 5172 लिखे सात वाहन जब्त किये है। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर विकास उर्फ फौजी इस गिरोह का लीडर है।

उपमहानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को एसएचओ कोतवाली हरजिंद्र सिंह को सूचना मिली कि गुढ़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर विकास फौजी और उसके साथियों ने जिला कारागृह के सामने जमा है। जमीनी प्रकरण में जेल में बंद इनके दो साथी विनोद चौधरी और धर्मेंद्र जाखड़ जमानत मिलने पर आज जेल से रिहा होंगे, जिन्हें लेने इन्होंने जेल के बाहर जमावड़ा कर रखा है।

सूचना पर एसएचओ सिंह तुरन्त टीम को लेकर जेल के बाहर पहुंचे। जेल के सामने रोड के दोनों तरफ ग्रुप 5172 के स्टीकर लगी स्कॉर्पियो, कैंपर आदि गाड़ियां खड़ी थी। कुछ लोग गाड़ियों के पास व सड़क पर ऊंची ऊंची आवाज में हो हल्ला कर रहे थे तथा आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर भय पैदा कर रहे थे। किसी संज्ञेय अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर विकास उर्फ फौजी सहित 12 आरोपियों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया।

मौके से पुलिस ने गुढ़ागौड़जी निवासी विकास उर्फ फौजी पुत्र शीशराम जाट (30), मोहित जाट पुत्र सुभाष (22), सुनील जाट पुत्र रामप्रताप (20), राजेंद्र जाट पुत्र भारमल (30), प्रदीप सिंह पुत्र प्रकाश चंद जाट (25), विकास जाट पुत्र शिवकरण (26), अमित जाट पुत्र सुधीर (24), निर्मल जाट पुत्र मनोज कुमार (28), महेंद्र जाट पुत्र शिशुपाल सिंह (28), अजय कुमार जाट पुत्र रामप्रताप सिंह (24), सूरज जाट पुत्र प्रकाश (21) एवं पंकज जाट पुत्र बाबूलाल (25) को गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष की रैली: प्रदेश कार्यकारिणी से भी संवाद करेंगे खड़गे, तोतूका भवन में होगी बैठक



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजधानी जयपुर के रामलीला मैदान में 28 अप्रैल को होने वाली संविधान बचाओ रैली को संबोधित करने के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से भी सीधा संवाद करेंगे। इस संबंध में बैठक दोपहर 3 बजे तोतूका भवन में बुलाई गई है। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, सांसद, सांसद प्रत्याशी और विधायक प्रत्याशी आमंत्रित किए गए हैं. बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा होगी. साथ ही ग्रास रूट लेवल पर संगठन को लेकर हुए काम का फीडबैक लिया जाएगा.

दरअसल, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने इस साल को संगठन का वर्ष करार दिया है. इसके तहत वार्ड से लेकर प्रदेश लेवल तक संगठन को मजबूत करने का काम चल रहा है. पार्टी के संगठन महामंत्री ललित तूनवाल ने बताया कि खड़गे के साथ पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल सहित कई अन्य नेता भी आएंगे. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिन पायलट, पूर्व मंत्री हरीश चौधरी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह सहित कई अन्य नेता पदाधिकारियों से संवाद करेंगे. प्रदेश संगठन महामंत्री तूनवाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष खड़गे जनवरी से लेकर अप्रैल तक चार माह में जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी लेंगे. साथ ही पार्टी की ओर से आने वाले समय में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारी का फीडबैक लिया जाएगा. बूथ स्तर पर बूथ कार्यकारिणी, मंडल कार्यकारिणी को लेकर भी चर्चा होगी. अग्रिम संगठनों को मिला भीड़ जुटाने का टारगेटः रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली के लिए कांग्रेस ने पार्टी के अग्रिम संगठन एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सेवादल को भी भीड़ जुटाने के लिए अलग-अलग टारगेट दिए गए हैं. युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया ने बताया कि राजस्थान से 2000 के लगभग युवा कांग्रेस कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे. इनमें प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी और विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों को आने के निर्देश दिए गए हैं.महिलाओं की भी रहेगी भागीदारीः महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सारिका चौधरी ने बताया कि रैली में महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी होगी. प्रदेश भर में ज्यादा से ज्यादा तादाद में महिलाओं को लाने का लक्ष्य रखा गया है. खास तौर पर जयपुर और उसके आसपास के जिलों से ज्यादा संख्या में महिलाएं आएंगी. महिलाओं के आने-जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है. साथ ही उनके खान-पान और पानी की व्यवस्था भी रखी गई है.

राहुल गांधी का दौरा फाइनल नहींः संविधान बचाओ रैली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के आने की भी चर्चा है, हालांकि अभी तक उनका दौरा फाइनल नहीं हुआ है. प्रदेश कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ऑफिस के संपर्क में हैं.

पाकिस्तान से आया यह परिवार अब नहीं जाना चाहता वापस, सरकार से गुजारिश- यहां रहने दिया जाए



24 न्यूज अपडेट

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना पर केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए पाक नागरिकों के वीजा रद्द करते हुए अपने मुल्क लौटने के निर्देश दिए हैं. सरकार के इस फैसले के बाद भारत आए पाक नागरिकों में पैरों तले जमीन खिसक गई है. कुछ दिन पहले पाकिस्तान से आया 18 सदस्यों का एक परिवार शनिवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर पहुंचकर पाकिस्तान वापस नहीं जाने की इच्छा जाहिर करते हुए भारत में रहने देने की मांग की.

पाकिस्तान के हैदराबाद के टांडो अल्लाहयार जिले का 18 सदस्यों का एक परिवार 19 अप्रैल को राजस्थान के बाड़मेर जिले में अपने रिश्तेदारों के घर पहुंचा है. केंद्र सरकार ने पहलगाम की घटना के बाद पाक नागरिकों के वीजा रद्द करते हुए अपने मुल्क लौटने के निर्देश दिए. ये परिवार वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहता है. ऐसे में इस परिवार ने लॉन्ग टर्म वीजा के लिए आवेदन करके भारत में रहने की इच्छा जाहिर की है.

वहां कामकाज नहीं है : परिवार के सदस्य सुरेश कुमार ने बताया कि पाकिस्तान में कामकाज नहीं हैं. खर्चे बेहद ज्यादा हैं. ऐसे में वह भारत में बसने के लिए 19 अप्रैल को वीजा पर बाड़मेर आए थे. जम्मू कश्मीर में हुई घटना के बाद सरकार ने वीजा को रद्द करते हुए वापस जाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि हम लोग वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहते. ऐसे में सरकार से हमारी मांग है कि हमें यही रहने दिया जाए. इसी के लिए आज हमने लॉन्ग टर्म वीजा के लिए आवेदन करते हुए भारत में रहने की इच्छा जाहिर की है. उन्होंने बताया कि पाकिस्तान छोड़ने के पीछे वजह यही है कि वहां कामकाज नहीं है और हमारा अधिकतर परिवार और रिश्तेदार भारत में ही हैं. ऐसे में यहां रहकर हम हमारी जिंदगी गुजरना चाहते हैं.

वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहते : इसी तरह कैलाश का कहना है कि पाकिस्तान से तंग होकर वह भारत अपने परिवार के साथ आए हैं. उनके परिवार में कुल 18 सदस्य हैं, जिनमें महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल हैं. उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी एक ही मांग है कि हमें यहां रहने दिया जाए. हम लोग वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहते हैं.

जैसलमेर में थाना सांकड़ा पुलिस की कार्रवाई : राज्य पशु ऊंट की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 अप्रैल। जैसलमेर जिले की थाना सांकड़ा पुलिस ने राज्य पशु ऊंट की तस्करी करते दो आरोपियों सहुद पुत्र नूर मोहम्मद (32) एवं अबरार पुत्र लियाकत (30) निवासी रीथाथ मेवात थाना पिनंगवा जिला नूह हरियाणा को गिरफ्तार कर ट्रक कन्टेनर से तस्करी किये जा रहे राज्य पशु 16 ऊंटों को मुक्त कराया है।

जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को एसएचओ सांकड़ा राण सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल गणपत सिह मय जाब्ता द्वारा गश्त व नाकाबंदी के दौरान एक सन्दिग्ध ट्रक कन्टैनर को रुकवा कर चेक किया गया। कंटेनर के अंदर निर्दयता पूर्वक मुंह व पैर बंधे हुवे 16 ऊंट पाये गये। जिनके बारे में दोनों आरोपी कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए।

राज्य पशु ऊंट की तस्करी किये जाने पर थाना सांकड़ा पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर सहुद व खलासी अबरार को गिरफतार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना सांकड़ा में प्रकरण दर्ज कर विस्तृत पूछताछ व अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में एसएचओ राण सिंह, हैड कांस्टेबल गणपत सिह, कांस्टेबल धनसिह व राजकुमार शामिल थे।

राजस्थान में मौसम ने ली करवटः कई जिलों में ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित, उदयपुर सहित 22 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को राजस्थान में मौसम ने अचानक करवट ले ली। चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, जालोर, बूंदी और टोंक जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर 50 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रफ्तार से चली तेज हवाओं ने टीनशेड उखाड़ दिए, पेड़ गिरा दिए और खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया।

ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद, टावर गिराः जालोर जिले के आहोर क्षेत्र में शाम करीब 4:30 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरे। देवकी और वेडिया गांवों में खेतों में खड़ी फसल को व्यापक नुकसान हुआ। बूंदी के नैनवां क्षेत्र में अंधड़ के चलते एक मोबाइल टावर गिर गया। दुकानों और घरों के टीनशेड उड़ गए। टोंक जिले के देवली, दूनी और नगरफोर्ट क्षेत्र भी तेज आंधी से प्रभावित रहे। हनुमानगढ़ और चूरू की कृषि मंडियों में बिकने के लिए लाए गए गेहूं और जौ भी खराब हो गए।

उदयपुर सहित 22 जिलों में यलो अलर्टः मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर ने शनिवार शाम को उदयपुर सहित 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी कर दिया। जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, नागौर, चूरू, झुंझुनू, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, अजमेर, चित्तौड़गढ़, पाली और उदयपुर जिलों में आज रात कहीं-कहीं धूल भरी आंधी, तेज हवाएं (30-40 किमी/घंटा), मेघगर्जन और हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। विशेष सतर्कता उदयपुर संभाग में भी बरती जा रही है, जहां बादलों की आवाजाही के साथ गरज-चमक और बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने नागरिकों को मेघगर्जन के दौरान सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने, पेड़ों के नीचे खड़े न होने और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकालने की सलाह दी है।

गर्मी से राहत अल्पकालिक, कल से हीटवेव का खतराः मौसम विभाग के अनुसार, यह राहत अल्पकालिक रहेगी। 27 अप्रैल से तापमान में तेज वृद्धि होगी और जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली, कोटा, भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पाकिस्तान से सटे जैसलमेर और बाड़मेर में दिन और रात दोनों समय लू चलने की चेतावनी दी गई है।

1 मई से फिर मौसम बदलेगाः मई के पहले सप्ताह में एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के संकेत हैं। 1 और 2 मई को राज्य के कई हिस्सों में तेज धूलभरी आंधी और बारिश हो सकती है। 4 और 5 मई को एक और सिस्टम के प्रभाव से फिर से राजस्थान के कई जिलों में आंधी-बारिश का सिलसिला चलने का अनुमान है।

8 महीने पहले नाबालिग से दुष्कर्म, पीड़िता ने बच्चे को दिया जन्म, 12वें दिन नवजात की मौत



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर : 17 साल की नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. 15 अप्रैल को उसने बच्चे को जन्म दिया तब मामले का पता चला. नवजात की हालत गंभीर होने पर डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती किया गया था. 12वें दिन नवजात की मौत हो गई है. पीड़िता ने एक युवक पर 8 महीने पहले उसके साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है. घटना को लेकर पुलिस अब जांच में जुटी है.

चौरासी थाना एएसआई छतरसिंह ने बताया कि नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता (17) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है. इसमें बताया कि उसने 7वीं कक्षा तक पढ़ाई की है. 8 महीने पहले आरोपी युवक उसके घर पर आया था. उस समय नाबालिग घर पर अकेली थी. आरोपी उसे जबरन बहला फुसलाकर अपने साथ घर ले गया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया. डर की वजह से पीड़िता ने घर के किसी भी व्यक्ति को घटना के बारे में नहीं बताया. 14 अप्रैल को उसे पेट दर्द की शिकायत होने लगी, जिस पर परिवार के लोग उसे सीमलवाड़ा अस्पताल लेकर गए. जांच में नाबालिग के गर्भवती होने का पता लगा. इस पर परिवार के भी होश उड़ गए.

15 अप्रैल को नाबालिग पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन नवजात की हालत गंभीर होने पर उसे डूंगरपुर रेफर कर दिया गया. 12 दिनों तक नवजात का एनआईसीयू में भर्ती कर इलाज किया गया, लेकिन इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई. सूचना पर चोरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची. नवजात के शव को मोर्चरी में रखवाया है. पुलिस ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है. फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है.

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बाजार बंद, श्रद्धांजलि सभाओं में उमड़ा जनसैलाब, व्यापारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर दी श्रद्धांजलि



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ उदयपुर शहर में शनिवार को आक्रोश फूट पड़ा। अश्विनी बाजार व्यापार संघ के आह्वान पर व्यापारियों ने आधे दिन तक बाजार बंद रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। दंडपोल स्थित हनुमान मंदिर के बाहर एकत्रित होकर व्यापारियों और आमजन ने मोमबत्तियां जलाईं, दो मिनट का मौन रखा और हनुमान चालीसा का पाठ कर नरसंहार में मारे गए निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान व्यापार संघ अध्यक्ष जयेश चंपावत के नेतृत्व में व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। उदयपुर ऑटो पार्ट्स डीलर्स एसोसिएशन ने भी समर्थन जताते हुए श्रद्धांजलि सभा में भागीदारी निभाई। अध्यक्ष नरेंद्र जैन और सचिव वीरेंद्र बापना समेत कई व्यापारी गण मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा को भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, वरिष्ठ नेता प्रमोद सामर, पूर्व महापौर पारस सिंघवी, पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा और सुंदर सिंह भंडारी मंडल अध्यक्ष रुचिका चौधरी ने संबोधित किया। गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विदेश दौरा बीच में छोड़ भारत लौट आना इस बात का संकेत है कि आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई होगी। पारस सिंघवी भावुक हो उठे और उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया।

सुखाड़िया समाधि पर मोमबत्तियां जलाकर दी श्रद्धांजलि

सुखाड़िया मेमोरियल मित्र मंडल द्वारा सुखाड़िया समाधि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अध्यक्ष सुभाष मेहता ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की मांग की। उपस्थितजनों ने मोमबत्तियां जलाकर और दो मिनट का मौन रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। ज्योतिबा फुले तिराहे पर हिमालय परिवार और सर्व ओबीसी समाज महापंचायत का विरोध प्रदर्शन हिमालय परिवार उदयपुर और सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ने माली कॉलोनी स्थित ज्योतिबा फुले तिराहे पर प्रदर्शन कर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश मंत्री अरविंद जारोली, उपाध्यक्ष रमन कुमार सूद और संस्थापक दिनेश माली ने कहा कि यह हमला मानवता पर सीधा प्रहार है। उपस्थितजनों ने गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ मोमबत्तियां जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की। सभा में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मारू, राष्ट्रीय सिख संगत के पूर्व सचिव वीरेंद्र सिंह अरोड़ा, धारावती सुवालका, पटेल समाज के उपाध्यक्ष पी.एस. पटेल, लायंस क्लब अध्यक्ष दिनेश कुमार माली, स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक रमेश पुरोहित समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संयोजन मनिबेन पटेल ने किया और आभार दिवाकर माली ने व्यक्त किया।

भीलवाड़ा में टॉयलेट सीट पर मिला एसोसिएट प्रोफेसर का शवः हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि, कोटा में छात्राओं ने लगाए थे अश्लीलता के आरोप



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। माणिक्यलाल वर्मा टेक्सटाइल कॉलेज, भीलवाड़ा के एसोसिएट प्रोफेसर गिरीश कुमार परमार (52) का शव उनके किराए के मकान के बाथरूम में टॉयलेट सीट पर मिला। मेडिकल जांच में प्रारंभिक कारण हार्ट अटैक बताया गया है। प्रतापनगर थाना पुलिस के अनुसार, प्रोफेसर की मृत्यु गुरुवार (24 अप्रैल) को हो चुकी थी। शुक्रवार सुबह मकान मालिक द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया। मौके पर जांच में सामने आया कि प्रोफेसर अकेले रहते थे और शराब का अधिक सेवन करते थे। हालांकि, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर ने शराबजनित अंग क्षति से इनकार किया है। दो साल पहले छात्राओं ने लगाए थे गंभीर आरोप

गिरीश परमार दो वर्ष पूर्व राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी (RTU) कोटा में कार्यरत थे, जहां छात्राओं ने उन पर अश्लील हरकतें करने और परीक्षा में पास कराने के एवज में अनैतिक मांगें करने के आरोप लगाए थे। आरोपों के बाद छात्रों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी ने उन्हें जूता भी मारा था। मामले में परमार के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी प्रकरण का संज्ञान लिया था। प्रोफेसर परमार पर कोटा के अलावा जयपुर के एक निजी कॉलेज की छात्राओं ने भी छेड़छाड़ और आपत्तिजनक व्यवहार की शिकायत दर्ज करवाई थी।

फोन कॉल के बाद नहीं हुए थे संपर्क में

मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि प्रोफेसर ने गुरुवार को एक रिश्तेदार से फोन पर बात की थी। इसके बाद वे किसी के भी कॉल रिसीव नहीं कर रहे थे। शुक्रवार सुबह मकान मालिक ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और प्रोफेसर का शव टॉयलेट सीट पर पाया। महात्मा गांधी अस्पताल के मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ. अनुपम बंसल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक है। विस्तृत कारणों के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। शव को परिजनों के आने के बाद शुक्रवार को श्रीगंगानगर भेज दिया गया।

लघु उद्योग भारती के 32वें स्थापना दिवस पर वरिष्ठ उद्यमियों का सम्मान, महिला इकाई 'लोकमाता अहिल्याबाई' का गठन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के उद्योग जगत ने अब पारंपरिक पर्यटन और हैंडीक्राफ्ट से आगे बढ़कर तकनीकी व विविध व्यवसायों में भी अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी है। इस पहचान को हमें निरंतर नए आयाम और ऊंचाइयां प्रदान करनी हैं। यह विचार उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने लघु उद्योग भारती उदयपुर के 32वें स्थापना दिवस पर प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ग्यारहवें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर ने साबित कर दिया कि उदयपुर अंचल में व्यवसायों की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें पहचान कर आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। सांसद रावत ने इंडस्ट्रियल फेयर को उद्योगों के लिए शुभ संकेत बताते हुए कहा कि इससे उदयपुर की औद्योगिक छवि को तकनीकी क्षेत्र में नई पहचान मिली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री योगेंद्र शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रीना राठौड़ एवं प्रांत उपाध्यक्ष राकेश वर्डिया रहे। उदयपुर अध्यक्ष मनोज जोशी ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि लघु उद्योग भारती आज उदयपुर के लघु उद्यमियों का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है, जिसमें वर्तमान में 600 पंजीकृत सदस्य तथा 155 महिला उद्यमी जुड़ी हुई हैं। हाल ही में संपन्न सदस्यता अभियान में 130 नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर संगठन की ओर से एक नई महिला इकाई 'लोकमाता अहिल्याबाई' के नाम पर गठित की गई। इस इकाई में 47 नवोदित महिला उद्यमियों ने सदस्यता ली है। इकाई का नेतृत्व अध्यक्ष के रूप में डॉ. ऋषिका पानेरी, सचिव के रूप में आरुषि गोयल तथा कोषाध्यक्ष के रूप में मोनिका कोठारी को सौंपा गया। मनोज जोशी ने कहा कि यह इकाई उदयपुर में मातृशक्ति के हुनर को नई पहचान और ऊंचाई देगी। स्थापना दिवस समारोह में वरिष्ठ उद्यमियों का भी अभिनंदन किया गया। प्रथम अध्यक्ष राकेश वर्डिया एवं महिला इकाई की प्रथम अध्यक्ष रीना राठौड़ का शॉल, श्रीफल एवं महाराणा प्रताप के प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर के संयोजक तरुण दवे ने बताया कि औद्योगिक एवं व्यापार मेला अत्यंत सफल रहा और संगठन की अनुमति से अगले वर्ष भी इसका आयोजन किया जाएगा। मेले में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए।

एकलिंगनाथ सेवा संगठन की जलसेवा सराहनीय, हर व्यक्ति देश के बारे में सोचेः चेतना भाटी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पुलिस उप अधीक्षक चेतना भाटी ने कहा कि श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से समाज सेवा के जो कार्य किए जा रहे हैं उसके लिए संगठन की सराहना होनी चाहिए। खास तौर से जल सेवा के लिए महिला थाना में लगाए गए वाटर कूलर व आरओ प्लांट से यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध जल मिल सकेगा। शनिवार को यहां उदियापोल स्थित महिला थाना में वाटर कूलर व आरओ प्लांट के शुभारंभ मौके पर डिप्टी चेतना भाटी ने यह उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि जल सेवा को महान सेवा बताया गया है और यह सेवा गर्मी के मौसम में हो तो और ज्यादा धार्मिक महत्व रहता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ही होते हैं जो दूसरो के लिए जीते हैं। सब लोग मिलकर काम करें। वर्तमान हालात सबके सामने है और इसमें सभी देश को अपना समझे। अपराधों को रोकने में समाज की बडी भूमिका है। समाज व पुलिस साथ मिलते हैं तो अपराधियों के हौंसले पस्त होते हैं। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी सुशीला खोइवाल ने श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक आकाश बागडी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने एक बार में ही उनके सुझाव को मानते हुए महिला थाना में वाटर कूलर व आरओ लगवाया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक विनोद पांडे ने संगठन द्वारा 17 मई को किए जा रहे सामूहिक विवाह के संबंध में जानकारी दी। संरक्षक निर्मल पंडित ने कहा कि समाज सेवा के लिए संगठन तत्पर है। शहर में जहां जरुरत होगी वहां संगठन तैयार खडा मिलेगा। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने कहा कि जब तक उनकी क्षमता है और जब तक लोगों का सहयोग है तब तक वे समाज सेवा रुपी यज्ञ में अपनी आहूति लगाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से 17 मई को सर्व समाज का दहेज मुक्त व पूर्ण रुप से आडंबर रहित सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए 11 जोडो का पंजीयन हो चुका है तथा 5 मई तक विवाह योग्य जोडे पंजीयन करवा सकते हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मेनारिया ने अतिथियों का स्वागत किया व आभार जताया। इस मौके पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता रिया जैन, रोमा जैन, नेत्रांजलि मेनारिया व अश्विना पंवार का भी उपरना ओढा का अभिनंदन किया गया।

पिंजरे में फंसा तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। शहर के समीप बछार गांव में शनिवार को एक तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में फंस गया। तेंदुआ पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सक्रिय था और ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर हरकत में आए वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए विशेष रणनीति अपनाई थी। शनिवार सुबह खेतों के पास लगे पिंजरे में तेंदुआ फंसा मिला। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए को सुरक्षित कब्जे में लिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बीते कई दिनों से तेंदुआ गांव के आसपास घूम रहा था और मवेशियों पर हमला कर रहा था, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल था। तेंदुए के पकड़े जाने से अब लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के बाद उसे उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उदयपुर ले जाया जाएगा। इसके बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। अधिकारी ने यह भी बताया कि चक्कर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में अब भी तेंदुए के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है और अतिरिक्त पिंजरे भी लगाए जाएंगे ताकि किसी भी संभावित खतरे को टाला जा सके।

रंग लाएगी बच्चों और महिलाओं के जीवन में सुधार के लिए यूनिसेफ और राजस्थान सरकार की प्रतिबद्धता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान के दक्षिणांचल में बच्चों और महिलाओं के जीवन में सुधार के लिए यूनिसेफ और राजस्थान सरकार की प्रतिबद्धता रंग ला रही है। फ्यूचर सोसाइटी के इक्वली सेंसिटिव 2 अभियान के तहत डूंगरपुर की बिछीवाडा ग्राम पंचायत में लर्निंग हब को देखने पर एक अनूठा प्रयास दिखा. बच्चों के विकास और पोषण में सुधार के लिए राजस्थान सरकार और यूनिसेफ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक सहकर्मी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक नेटवर्क बनाना है जो अपने साथियों के लिए संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य कर सकें और बाल देखभाल और पोषण में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा दे सकें। यह कार्यक्रम करौली, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर जिलों में लागू किया जा चूका है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा शामिल है। प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फिर अपने क्षेत्र में अन्य कार्यकर्ताओं के लिए "लर्निंग हब" के रूप में कार्य करेंगे, सहकर्मी से सहकर्मी सीखने और समर्थन को बढ़ावा देंगे।

यूनिसेफ राजस्थान की पोषण विशेषज्ञ मीनाक्षी सिंह ने कहा, "यह नवाचारी कार्यक्रम राजस्थान के लिए एक गेम-चेंजर है, जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें विश्वास है कि इस कार्यक्रम का राज्य में बच्चों के विकास के परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।"

कार्यक्रम ने पहले ही आशाजनक परिणाम दिखाए हैं, डूंगरपुर के बिछीवाड़ा ब्लॉक में 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग हब में बदल दिया गया है। राजस्थान सरकार इस कार्यक्रम की सफलता से प्रभावित हुई है और इसे पूरे राज्य में विस्तारित करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के विस्तार के लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा गया है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों और महिलाओं के जीवन में सुधार के लिए यूनिसेफ और राजस्थान सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।